6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण
राजधानी • वर्ष 18 | अंक 54 पृष्ठ : 12+4 मूल्य : चार रुपये
अमर उजाला
अगर हो सर्दी-जुकाम, न हों ज्यादा परेशान
बरतें सावधानी, न कोई चिंता न परेशानी
नई दिल्ली
बुधवार, 3 जून 2020
amarujala.com

ग्रेनो वेस्ट स्थित गौड़ सिटी मॉल (फाइल फोटो)।

ट्रायल के बाद कपड़े होंगे प्रेस, वॉशरूम के बाहर बनेंगे सर्किल

ग्रेटर नोएडा। शहर के माल आठ जून से खोलने की तैयारी शुरू हो गई है। माल प्रबंधन अपनी-अपनी गाइडलाइन तैयार कर रहे हैं। कहीं पर ट्रायल किए गए कपड़ों पर प्रेस करने के बाद वापस रखा जाएगा तो कहीं पर वाशरूम के बाहर सर्किल बनाए जाएंगे। ताकि, लोगों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग बनी रही। हालांकि, सरकार की गाइडलाइन आने का भी इंतजार किया जा रहा है। सेक्टर बीटा दो के कनॉट पैलेस माल प्रबंधन का कहना है कि बिना मास्क के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। गेट पर थर्मल स्कैनिंग और सैनिटाइज किया जाएगा। सभी टच प्वाइंट को लगातार सैनिटाइज कराया जाएगा। वाशरूम और स्वचालित सीढ़ियों पर सुरक्षाकर्मी तैनात होंगे। सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखकर एक समय में समिति लोगों को ही वाशरूम व सीढ़ियों का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी। दोनों जगह पर सर्किल बनाए जाएंगे, ताकि लोग उनमें खड़े होकर नंबर आने का इंतजार कर सकें। वहीं, ट्रायल रूम को लगातार सैनिटाइज किया जाएगा। अगर कोई कपड़ों का ट्रायल करता है तो उन कपड़ों को वापस रखने से पहले प्रेस किया जाएगा। रिटेल स्टोर में भी सीमित लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। वहीं, रेस्टोरेंट को एक ही शर्त पर शुरू किया जाएगा। वह सीट की क्षमता से 50 प्रतिशत या उससे कम लोगों को ही बुला सकते है। गौड़ सिटी मॉल प्रबंधन का कहना है कि मॉल में सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। थर्मल स्कैनिंग, मास्क और सैनिटाइज आदि की व्यवस्था होगी। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सरकार की गाइडलाइन के आधार पर ही मॉल को खोला जाएगा। ब्यूरो